## न्यूज डायरी



### बातचीत की आड़ में चीन की चाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। लद्दाख में जारी गतिरोध को हल करने के लिए भारत के साथ डिप्लोमेटिक और सैन्य स्तर पर बातचीत के दौरान भी चीन अपनी नापाक चाल से बाज नहीं आ रहा है। हाल में ही ली गई सैटेलाइट इमेज से खुलासा हुआ है कि चीन ने लेह से 382 किलोमीटर दूर होटान एयरबेस पर अपने लड़ाकू विमान और मिसाइलों के नए जखीरों को तैनात किया है। ओपन सोर्स इंटेलिजेंस एनालिस्ट Detresfas की सैटलाइट तस्वीरों के अनुसार, चीन ने शिनजियांग प्रांत में होटान एयरबेस को भारत के खिलाफ रणनीतिक रूप से मजबूत कर दिया है। यहां फाइटर एयरक्राफ्ट के अलावा, अर्ली वार्निंग अवाक्स एयरक्राफ्ट और एयर डिफेंस यूनिट्स की तैनाती की गई है। इस एयरपोर्ट पर जिन एयरक्राफ्ट की तैनाती की गई है उनमें शेनयांग जे–8 इंटरसेप्टर एयरक्राफ्ट और शेयनांग की फाल्कर शामिल हैं। इसके अलावा जिस अवाक्स को यहां तैनात किया गया है वह शनाक्सी वाई–8जी और केजे–500 हैं।

### चीनी वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रायल यूएई में शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। कोरोना वायरस से जंग के लिए वैक्सीन का इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। चीन की कोरोना वायरस वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रायल शुरू हो गया है। इसके तहत संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी शहर में 15 हजार लोगों को चीनी टीका लगाया जा रहा है। यह दुनिया की पहली ऐसी वैक्सीन है जिसके तीसरे चरण का ट्रायल शुरू हुआ है। इस टीके का निर्माण चीन की कंपनी साइनोफार्म सीएनबीजी ने किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से पंजीकृत इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल की शुरुआत यूएई के शेख अब्दुल्ला बिन मोहम्मद अल हमद ने किया। बताया जा रहा है कि यूएई में करीब 200 देशों के लोग रहते हैं, इसलिए यहां पर वैक्सीन के ट्रायल की अनुमति दी गई है। यूएई के अधिकारियों ने बताया कि इस ट्रायल में 15 वॉलंटियर हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान चीन के राजदूत भी मौजूद थे।

### मैक्सिको में मृतकों की संख्या 7,200 के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैक्सिको सिटी। मैक्सिको में कोरोना वायरस संक्रमण के 7,257 और मामले सामने आए हैं तथा इस संक्रमण के कारण 736 और लोगों की मौत हो गई है। मैक्सिको में इस वैश्विक महामारी से अब तक 7,257 लोगों की मौत हो चुकी है जो दुनिया में इस बीमारी से जान गंवाने वाले लोगों की चौथी सर्वाधिक संख्या है। साथ ही मैक्सिको में संक्रमण के 3,24,000 मामले सामने आए हैं। संक्रमण के मामलों में मैक्सिको दुनिया में सातवें स्थान पर है। स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को बताया कि तबास्को राज्य में अस्पताल 85 प्रतिशत तक भर चुके हैं और उत्तरी सीमावर्ती राज्य नुएवो लियोन में भी अस्पतालों में बहुत अधिक संख्या में मरीज भर्ती हैं। देश के राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने कहा कि वह तबास्को राज्य के हालात से चिंतित हैं। उन्होंने बताया कि और मरीजों के इलाज के लिए वहां एक सरकारी अस्पताल का विस्तार किया जाएगा।

### युद्ध की कगार पर पहुंचे आर्मीनिया–अजरबैजान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** येरेवान/बाकू। यूरोप और एशिया के मध्य में बसे दो देशों आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच तनाव अपने चरम पर है। पिछले दिनों हुए संघर्ष में अजरबैजान के जनरल समेत दोनों देशों के 16 सैनिकों की मौत हो गई थी। इससे दोनों देशों के बीच 3 दशकों से चला आ रहा विवाद और ज्यादा गहरा गया है। उधर, तुर्की भी अजरबैजान के समर्थन में आ गया है। तुर्की के रक्षामंत्री ने धमकी दी है कि आर्मीनिया को इस हमले की कीमत चुकानी होगी। अजरबैजान से आ रही खबरों के मुताबिक रविवार को आर्मीनिया की सेना ने देश की उत्तर पश्चिमी सीमा पर अजरबैजान की सैन्य चौकियों पर तोपों से भीषण हमला किया था। इसके जवाब में अजरबैजान की सेना ने भी जवाबी कार्रवाई। इसमें दोनों ही देशों के 16 सैनिकों की मौत हो गई है।

# कोरोना का टीका बना नहीं 'कब्जा' करने की होड़ तेज

**इंतजार**

## प्रयास में सफलता मिलती भी दिख रही है और तीन कंपनियां आगे निकलीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रसेल्स। कोरोना वायरस के कहर से जूझ रही दुनिया को वैक्सीन का इंतजार है। विश्वभर में कई कंपनियां वैक्सीन बनाने के लिए दिन–रात एक किए हुए हैं। इस प्रयास में सफलता मिलती भी दिख रही है और तीन कंपनियों की वैक्सीन तीसरे चरण में पहुंच गई है। कोरोना की वैक्सीन अभी तैयार नहीं हुई लेकिन दुनियाभर में इसकी करोड़ों डोज पर कब्जा करने की जैसे होड़ सी मच गई है।

यूरोपीय संघ कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने की होड़ में आगे चल रही पांच बड़ी कंपनियों मॉडर्ना, सनोफी, जॉनसन एंड जॉनसन, बायोनटेक और क्योवेक से टीके की अग्रिम खरीद के लिए बातचीत कर रहा है। इससे पहले यूरोपीय यूनियन के चार सदस्य देशों ने अस्त्राजेनेका से कोरोना वायरस के 40 करोड़ डोज के लिए पहले ही डील कर चुका है। यह वैक्सीन ईयू के सभी 27 सदस्य देशों के लिए




सैद्धांतिक रूप से उपलब्ध होगी।

**वैक्सीन बना रही कंपनियों से यूरोपीयन यूनियन कर रहा बातः** सूत्रों के मुताबिक वैक्सीन बना रही कंपनियों से यूरोपीयन यूनियन बात कर रहा है और गुरुवार को ईयू के स्वास्थ्य मंत्रियों की भी बातचीत हुई है। कई स्तरों पर हुई बातचीत से इसकी पुष्टि हुई है कि कोरोना वायरस की संभावित वैक्सीन और दवा को लेकर अमेरिका के शुरुआती नियंत्रण के बाद ईयू ने भी इसको लेकर अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। यूरोपीय आयोग के प्रवक्ता ने कहा, हम कोरोना वायरस वैक्सीन को लेकर कई कंपनियों से बातचीत कर रहे हैं। दुनियाभर में करीब 150 कोरोना वायरस वैक्सीन पर काम हो रहा है। इनमें से 23 वैक्सीन का इंसानों पर परीक्षण शुरू हो गया है। इनमें से भी 3 वैक्सीन अपने अंतिम चरण यानि फेज 3 में हैं। इसमें दो कंपनियां चीन की हैं और तीसरी ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी की है। बताया जा रहा है कि यूरोपीय यूनियन की जॉनसन एंड जॉनसन और सनोफी कंपनी से बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई है। इन कंपनियों से यूरोपीय यूनियन वैक्सीन के डोज को फाइनल कर रहा है।

**हर इंसान को मिले कोरोना वायरस वैक्सीनः कनाडा पीएम**

कोरोना वायरस वैक्सीन पर इसी कब्जे की होड़ को देखते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कोरोना वायरस वैक्सीन के विकास होने पर इसे सभी देशों को समान रूप से बांटने की मांग की है। उनकी इस मांग का स्पेन, न्यूजीलैंड, साउथ कोरिया, इथोपिया समेत कुल कई देशों के नेताओं ने समर्थन किया है। कनाडा के पीएम ने ट्वीट कर कहा, वैक्सीन जिंदगी बचाती हैं। इसी वजह से हम वैक्सीन की तलाश के लिए यहां अपने देश में और दुनियाभर के देशों में काम कर रहे हैं।

## भारत के राजदूत का किम जोंग को बधाई संदेश देना चर्चा का विषय बना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया में भारत के राजदूत अतुल एम गोतसर्वे का तानाशाह किम जोंग उन को बधाई संदेश देना चर्चा का विषय बन गया। भारतीय राजदूत के संदेश को न केवल उत्तर कोरिया के सरकारी अखबार में जगह दी गई बल्कि टीवी पर भी उसका प्रसारण किया गया। बताया जा रहा है कि दुनिया से कटे उत्तर कोरिया में ऐसा बहुत कम होता है कि किसी विदेशी राजनयिक के संदेश को इतनी तवज्जो दी गई हो।

बताया जा रहा है कि उत्तर कोरिया के सरकारी टीवी चैनल नैशनल टेलीविजन ऑफ नॉर्थ कोरिया पर प्राइम टाइम में न केवल भारत का जिक्र हुआ बल्कि भारतीय राजदूत के संदेश को पढ़ा गया। भारतीय राजदूत अतुल एम गोतसर्वे ने किम जोंग उन को मार्शल बनाए जाने के 8 साल पूरे होने पर उन्हें बधाई संदेश भेजा था। साथ ही फूलों का गुलदस्ता भेजा था। इस पर किम जोंग उन के स्वस्थ रहने की कामना की गई थी।

यही नहीं भारतीय राजदूत के बधाई संदेश को उत्तर कोरिया के सरकारी अखबार रोडोंग सिनमुन में भी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। यह अखबार उत्तर कोरिया के आधिकारिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। बता दें कि कोरियाई प्रायद्वीप में शांति की स्थापना के लिए भारत ने लंबे समय से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## अमेरिकी जंगी जहाजों से डरा चीन, तैनात किए फाइटर जेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। दक्षिण चीन सागर में अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। साउथ चाइना सी के विवादित क्षेत्र में चीन के 70 दिनों तक चलने वाले युद्धाभ्यास के जवाब में अमेरिका ने अपने दो एयरक्राफ्ट कैरियर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान तैनात किए हैं। अमेरिका की इस कार्रवाई से टेंशन में आए चीन ने भी अब अपने कृत्रिम द्वीपों पर फाइटर जेट तैनात कर दिए हैं। चीन और अमेरिका के बीच चल रहे वार–पलटवार से इलाके में तनाव काफी बढ़ गया है। सैटलाइट से मिली तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने दक्षिण चीन सागर में विवादित वूडी द्वीप समूह पर बनाए गए हवाई ठिकाने पर 8 फाइटर जेट तैनात किए हैं।

# पीआईए स्टाफ पर ड्रग्स, सोना करंसी तस्करी करता है एयरस्टाफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




इस्लामाबाद। मई के महीने में कराची हुए प्लेन क्रैश के बाद पाकिस्तान में पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइन्स को लेकर नए खुलासे हो रहे हैं। देश के उड्डयन मंत्री सरवर खान ने पहले आरोप लगाया था कि करीब 40 प्रतिशत पायलट फर्जी होते हैं। अब इमरान खान की पार्टी की प्रवक्ता ने कहा है कि यह बात भी सबको पता है कि पीआईए स्टाफ पहले कई तस्करी में पकड़ा जाता रहा है।

**आई हैं कई रिपोर्टः** एक टीवी चौनल से बातचीत के दौरान प्रवक्ता से सवाल किया गया था कि क्या पायलटों के फर्जीवाड़े का आरोप लगाने से दुनिया में मजाक नहीं बना है। इस पर उन्होंने कहा कि ऐसे नहीं है। उन्होंने कहा, ‘‘जब हमारे पास ये आया कि हमारा क्रू तस्करी माफिया के साथ शामिल है जिसमें ड्रग्स, करंसी, सोने की तस्करी शामिल है। हमारे पायलट पकड़े भी जाते हैं और उनके ऊपर आरोप भी लगते हैं।’’ पार्टी प्रवक्ता ने कहा है कि यह आरोप वह नहीं लगा रही हैं बल्कि ऐसे वाकये पहले रिपोर्ट हुए हैं। एग्जाम नहीं देते, फर्जी लाइसेंस कराची क्रैश के बाद सरवर खान ने कहा था कि पिछले साल एक जांच में पता चला है कि पाकिस्तान के 860 ऐक्टिव पायलट्स में से 262 पायलट्स के पास या तो फर्जी लाइसेंस थे या उन्होंने अपने एग्जाम में चीटिंग की थी।

उन्होंने कहा कि इन पायलट्स ने न कभी एग्जाम दिया होता है और न इनके पास प्लेन उड़ाने का सही अनुभव होता है। खान ने कहा कि दुर्भाग्य से पायट्स की नियुक्ति राजनीतिक आधार पर होती है। उन्होंने बताया कि 4 पीआईए पायलट्स की डिग्री फर्जी पाई गई है और नियुक्ति के वक्त मेरिट को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

## चीन की सरकार के आरोप पर हुवावे को हो रहा नुकसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। चीन की टेलिकम्यूनिकेशन कंपनी भूमंप पर अमेरिका ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के लिए जासूसी का आरोप लगाया और देश में कंपनी को बैन कर दिया। इसके बाद ब्रिटेन ने भी कंपनी को बैन कर दिया। यूरोप में हुवावे के टॉप एग्जिक्युटिव अब्राहम लिउ ने फरवरी में दावा किया था कि यूरोप में कंपनी के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि यूरोप के लिए 5जी को यूरोप में ही बनाया जाए। हालांकि, यूरोपीय सरकारें हुवावे के पब्लिक रिलेशन कैंपेन को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही हैं। हाल ही में एक–एक कर देश 5जी नेटवर्क में उससे डील खत्म कर रहे हैं। Huawei की कोशिश है कि सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स की चिंताओं की वजह से उसकी इमेज को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। इसके लिए बड़े–बड़े इश्तेहार दिए जा रहे हैं जिनमें दावा किया जा रहा है कि दरअसल वह श्मेड इन फ्रांसश है। सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स और अब नेता भी दावा कर रहे हैं कि कंपनी की 5जी टेक्नॉलजी और दूसरे उपकरणों की मदद से चीन फ्रांस के अंदर सर्विलांस और जासूसी कर रहा है।